Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़ (संग्रह)

## फरवरी भाग-2 2024



Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

**1. कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) CACP की अनुशंसाओं पर आधारित है।
2. यह कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है।
3. CACP भारत में उगाई जाने वाली सभी फसलों के लिये MSP की सिफारिश करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. भारत-संयुक्त अरब अमीरात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दोनों देशों ने डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्मों- UPI (भारत) और AANI (UAE) को आपस में जोड़ने पर समझौते पर हस्ताक्षर किये।
2. भारत मार्ट का लक्ष्य दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में खुदरा, भंडारण और रसद सेवाओं को एकीकृत करना है, जिससे संभावित रूप से भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्रों से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समुद्री हीट वेव (MHW) एक चरम मौसमीय घटना है जब किसी समुद्री क्षेत्र की सतह का तापमान कम-से- कम पाँच दिनों के लिये अपने औसत से 3-4 डिग्री सेल्सियस ऊपर बढ़ जाता है।
2. एक्सट्रीम इवेंट एट्रिब्यूशन (EEA) तकनीक यह मूल्यांकन करती है कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन विशिष्ट चरम मौसम की घटनाओं को कितना प्रभावित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**4. "कपड़ा रिसाइक्लिंग" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. काँच या कागज़ जैसी सामग्रियों की रिसाइक्लिंग की तुलना में कपड़े की रिसाइक्लिंग अधिक सुविधाजनक है।
2. अधिकांश रिसाइकल्ड वस्त्र प्लास्टिक की बोतलों से बनते हैं।
3. रिसाइकल्ड पॉलिएस्टर से बनी टी-शर्ट को दोबारा रिसाइकल्ड नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1 और 3 दोनों
D. 1, 2 और 3

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंदी के कारण GDP में लगातार दो तिमाहियों में गिरावट आती है।
2. तकनीकी मंदी तब होती है जब आर्थिक गतिविधि में निरंतर गिरावट बनी रहती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**6. विभिन्न प्रकार के हाइड्रोजन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यदि जल को खंडित करने की प्रक्रिया के लिये उपयोग की जाने वाली विद्युत का स्रोत पवन अथवा सौर जैसे नवीकरणीय स्रोत हैं तो इस प्रकार उत्पादित हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन कहा जाता है।
2. हाइड्रोजन से जुड़े रंग हाइड्रोजन अणु को प्राप्त करने के लिये उपयोग की जाने वाली विद्युत स्रोत को संदर्भित करते हैं। उदाहरणार्थ यदि कोयले का उपयोग किया जाता है, तो इसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**7. 'गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GeM विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/PSU द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा प्रदान करता है।
2. यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं और निजी क्षेत्रों की सुविधा के लिये ई-बोली, रिवर्स ई-नीलामी व मांग एकत्रीकरण के टूल्स प्रदान करता है।
3. GeM ने विभिन्न श्रेणियों जैसे SARAS, ट्राइब्स इंडिया, स्टार्टअप रनवे, खादी इंडिया, इंडिया हैंडीक्राफ्ट आदि के लिये आउटलेट स्टोर लॉन्च किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**8. ICGS वराह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICGS वराह भारतीय तट रक्षक (ICG) के सात 98-मीटर ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (OPV) की श्रृंखला का चौथा जहाज़ है।
2. इस जहाज़ को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया गया है और पूर्वी तट से संचालित किया गया है।
3. ICGS वराह स्वदेशी रूप से विकसित उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को संचालित करने में सक्षम है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**9. पेमेंट बैंकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेमेंट बैंक वर्ष 2014 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किये गए एक विशेष प्रकार के बैंक हैं।
2. इन्हें बैंकिंग सुविधाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं वाली आबादी को बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये अभिकल्पित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**10. COP (पक्षकारों के सम्मेलन) 28 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पक्षकारों का 28वाँ सम्मेलन (COP-28) दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में हुआ, जिसमें 197 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।
2. COP28 में लॉन्च की गई ट्रिपल न्यूक्लियर एनर्जी की घोषणा का लक्ष्य वर्ष 2050 तक वैश्विक परमाणु ऊर्जा क्षमता को तीन गुना करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**11. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन- I: द्विपक्षीय निवेश संधियाँ (BITs) एक दूसरे के क्षेत्रों में विदेशी निज़ी निवेश को बढ़ावा देने और सुरक्षा के लिये दो देशों के बीच पारस्परिक समझौते हैं।**

**कथन-II: वर्ष 2016 में मॉडल द्विपक्षीय निवेश संधियों (BIT) को अपनाने के बाद से भारत की द्विपक्षीय संधियाँ समाप्त हो गई हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है।

B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन 1 सही है, किंतु कथन 2 गलत है।

D. कथन 1 गलत है, किंतु कथन 2 सही है।

**12. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

**कथन- I:भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्यों के अनुसार, भारत 2005 के स्तर से 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (सकल घरेलू उत्पाद) की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने का वादा करता है।**

**कथन-II: पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, एक छत सौर योजना का लक्ष्य हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से संपन्न करना है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है**

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है।
B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन 1 सही है, किंतु कथन 2 गलत है।
D. कथन 1 गलत है, किंतु कथन 2 सही है।

**13. स्थलरुद्ध क्षेत्र "कोसोवो" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोसोवो की सीमा रोमानिया, मैसेडोनिया, सर्बिया और मोंटेनेग्रो से लगती है।
2. इसकी राजधानी और सबसे बड़ा शहर प्रिस्टिना है
3. भारत ने कोसोवो को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता नहीं दी है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

**14. विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (UAPA), 1967 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UAPA द्वारा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को देश भर में मामलों की जाँच करने और मुकदमा चलाने का अधिकार दिया गया है।
2. UAPA के तहत गिरफ्तार व्यक्तियों की सज़ा दर 20% से अधिक है।
3. यह अधिनियम सरकार को बिना किसी न्यायिक समीक्षा के व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन 1: वर्ष 2004 में अपनी स्थापना के बाद से, भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी (INYAS) भारत में युवा वैज्ञानिकों के लिये एकमात्र मान्यता प्राप्त अकादमी रही है।**

**कथन 2: सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान (CSIR-NIScPR) भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की घटक प्रयोगशालाओं में से एक है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है**

A. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या है।
B. कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन 1 सही है, किंतु कथन 2 गलत है।
D. कथन 1 गलत है, किंतु कथन 2 सही है।

**16. स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे शुभारंभ वर्ष 2014 में आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया था। इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करने के प्रयासों में तेज़ी लाना और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करना था।
2. गोबर-धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा है जिसका शुभारंभ जल शक्ति मंत्रालय द्वारा किया गया था तथा इसका उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**17. निम्नलिखित में से कौन यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (EFTA) का सदस्य है?**

1. आइसलैंड
2. लिकटेंस्टीन

नोट :

3. नॉर्वे
4. स्विट्ज़रलैंड

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

**18. ओडीसियस अंतरिक्ष यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतरिक्ष यान वर्ष 2024 में बृहस्पति की कक्षा पर उतरने वाला है।
2. मिशन आर्टेमिस अभियान का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**19. वन्यजीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय ( CMS ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे बॉन कन्वेंशन के नाम से जाना जाता है।
2. यह वैश्विक स्तर पर संरक्षण उपायों को संचालित करने के लिये कानूनी आधार तैयार करता है।
3. भारत ने साइबेरियन क्रेन के संरक्षण और प्रबंधन पर CMS के साथ कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**20. लक्षद्वीप द्वीप समूह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 36 द्वीपों वाला लक्षद्वीप भारत का सबसे बड़ा केंद्रशासित प्रदेश है।
2. यह एक प्रशासक के माध्यम से सीधे केंद्र के नियंत्रण में आता है।
3. संपूर्ण लक्षद्वीप द्वीप समूह को जैविक कृषि क्षेत्र घोषित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**21. वैश्विक दलहन सम्मेलन, 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और नीति आयोग द्वारा किया गया था।
2. यह उद्योग का सबसे बड़ा वैश्विक आयोजन है, जो 50 से अधिक देशों के प्रमुख व्यक्तियों को एक साथ लाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: एशिया-प्रशांत SDG प्रगति रिपोर्ट विश्व बैंक के वार्षिक प्रमुख प्रकाशनों में से एक है।**

**कथन-II: यह क्षेत्र में SDG प्रगति का एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करता है जो एशिया-प्रशांत हेतु संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग ( ESCAP ) तथा उसके भागीदारों द्वारा संचालित कई अन्य गतिविधियों के लिये आधार के रूप में कार्य करता है।**

**उपरोक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन - II दोनों सही हैं तथा कथन- II, कथन- I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन - II दोनों सही हैं तथा कथन- II, कथन - I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन - I सही है किंतु कथन II गलत है।
D. कथन - I गलत है किंतु कथन II सही है।

**23. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अनुसूचित जातियों के शोषण के खिलाफ सुरक्षा उपाय प्रदान करने के लिये स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. 79वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम,2003 ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिये संयुक्त राष्ट्रीय आयोग को दो अलग-अलग निकायों में विभाजित कर दिया।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारत 'समयपूर्व वि-औद्योगीकरण' का सामना कर रहा है।**

**कथन II: भारतीय अर्थव्यवस्थाएँ सेवा क्षेत्र में समय से पहले बदलाव का सामना कर सकती हैं, जिससे विनिर्माण विकास में बाधा आ सकती है।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**25. थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वन्यजीव अभयारण्य तमिलनाडु के बरगुर पहाड़ियों में स्थित है।
2. यह क्षेत्र नीलगिरी हाथी रिज़र्व का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
3. यह वैगई नदी के जलग्रहण क्षेत्र के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**26. भारतीय रबर बोर्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह रबर अधिनियम, 1947 के तहत गठित एक वैधानिक संगठन है।
2. इसका नेतृत्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**27. लोक लेखा समिति (PAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह समिति तीन वित्तीय संसदीय समितियों में से एक है, अन्य दो प्राक्कलन समिति एवं सार्वजनिक उपक्रम समिति हैं।
2. इसका गठन भारत के संविधान के अनुच्छेद 308 के तहत प्रतिवर्ष किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**28. निम्नलिखित एजेंसियों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
2. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI)
3. भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI)

**उपर्युक्त में से कितने भारत में फिनटेक के लिये प्रमुख नियामक निकाय हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके अध्ययन के प्रमुख क्षेत्रों में दक्षिण एशियाई जलवायु में मानसून मौसम विज्ञान और वायु-समुद्र संपर्क शामिल हैं।
2. IITM भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**30. स्पर-विंग्ड लैपविंग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्पर-विंग्ड लैपविंग चराड्रिडे परिवार से संबंधित है।
2. यह पक्षी आमतौर पर अफ्रीका के मध्य और उप-सहारा क्षेत्रों में पाया जाता है।

नोट :

3. IUCN स्थिति के अनुसार पक्षी को गंभीर संकटग्रस्त के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**31. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह संपूर्ण भारत में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये मॉडल आवासीय विद्यालय बनाने की एक योजना है।
2. इसका नोडल मंत्रालय शिक्षा मंत्रालय है।
3. ये स्कूल संबंधित राज्य के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे और शिक्षा केवल मातृभाषा में दी जाएगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**32. निर्भया फंड के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं के बचाव और सुरक्षा में सुधार के लिये परियोजनाएँ हैं।
2. यह एक नॉन-लैप्सेबल कॉर्पस फंड है।
3. इसका संचालन मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**33. 'भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सर्वोच्च न्यायालय को उसके समक्ष लंबित किसी मामले अथवा वाद में पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक कोई भी डिक्री अथवा आदेश पारित करने का अधिकार देता है।
2. यह संविधान के अनुच्छेद 32 सहित कई अन्य प्रावधानों द्वारा समर्थित है।
3. यह सर्वोच्च न्यायालय को जनहित, मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों या मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: भारतीय बार काउंसिल को विनियमित करने और प्रतिनिधित्व करने के लिये अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत संसद द्वारा बनाई गई एक वैधानिक संस्था है।**

**कथन-II: वर्ष 2023 में, BCI ने विदेशी वकीलों और कानून फर्मों को बिना शर्त भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति दी।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

**35. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला है जिसमें केवल अफगानिस्तान, पाकिस्तान और चीन सहित क्षेत्र के देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) शामिल होते हैं।
2. अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता में UNSCR 2593 के उद्देश्य का अनुसरण किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**36. भारत में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DPI लोगों, धन और सूचना के प्रवाह में मध्यस्थता करते हैं।

नोट :

2. भारत तीनों मूलभूत DPI विकसित करने वाला पहला देश बन गया: डिजिटल पहचान (आधार), रियल टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) और डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित अकाउंट एग्रीगेटर।
3. डेटा एम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (डीईपीए) एक डिजिटल ढाँचा स्थापित करता है जो उपयोगकर्त्ताओं को किसी तीसरे पक्ष इकाई द्वारा परिभाषित शर्तों के तहत अपना डेटा साझा करने में सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और चीन ने केवल वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के पूर्वी और मध्य क्षेत्रों के लिये मानचित्रों का आदान-प्रदान किया है।
2. भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा (LoC) की स्थापना वर्ष 1948 में हुई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. इंटरपोल नोटिस के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्लू नोटिस एक "पूछताछ नोटिस" है, जो सदस्य राज्यों में पुलिस बलों को महत्त्वपूर्ण अपराध-संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाता है।
2. ब्लू कॉर्नर नोटिस आपराधिक आरोप दायर करने से पहले जारी किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एम.एच. मैरीगौड़ा को भारतीय बागवानी का जनक माना जाता है।
2. भारत फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक है।
3. बागवानी फसलों की उत्पादकता खाद्यान्नों की उत्पादकता की तुलना में बहुत अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वच्छ सर्वेक्षण आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) द्वारा आयोजित विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता और सफाई सर्वेक्षण है।
2. स्वच्छ सर्वेक्षण के प्रमुख पैरामीटर हैं डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, स्रोत पृथक्करण, सार्वजनिक क्षेत्रों की सफाई, स्वच्छ जल निकाय और शहर की सफाई पर नागरिकों की प्रतिक्रिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 270 केंद्र सरकार और राज्यों के बीच निवल कर आय के वितरण की रूपरेखा निर्दिष्ट करता है।
2. वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार विभाज्य पूल (ऊर्ध्वाधर/विषमस्तरीय अंतरण) में राज्यों की हिस्सेदारी 41% है।
3. केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किये गए उपकर और अधिभार, विभाज्य पूल का हिस्सा नहीं हैं तथा इसलिये राज्यों के साथ साझा नहीं किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 'परमाणु ऊर्जा' के विषय को नियंत्रित करता है, जिसमें भारत सरकार परमाणु सुविधाओं के विकास, संचालन और सेवा मुक्ति में केंद्रीय भूमिका निभाती है।

2. भारत की समेकित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) नीति, परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में 75% तक विदेशी निवेश की अनुमति देती है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**43. वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जिसने उम्र बढ़ने को लेकर विचार-विमर्श की शुरुआत की है।
2. इसका उद्देश्य बढ़ती उम्र से संबंधित नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करने के लिये एक ब्लूप्रिंट के रूप में कार्य करते हुए, आबादी की बढ़ती उम्र के हित की दिशा में सरकारी तथा सामाजिक क्षमता को बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**44. गिनी कृमि रोग के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक दुर्बल करने वाली परजीवी बीमारी है।
2. गिनी कृमि रोग के उपचार के लिये कोई टीका अथवा दवा नहीं है।
3. भारत सरकार को वर्ष 2024 में WHO से गिनी वर्म रोग-मुक्त प्रमाणन का दर्जा प्राप्त हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**45. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. किंग कोबरा
2. क्रेट
3. ब्लैक मांबा

**उपर्युक्त में से कितने एलापिडे साँप हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एम्फिपोड्स क्रस्टेशिआई मैलाकोस्ट्रैकन का एक विविध समूह है जिनमें केकड़ों (क्रैब), लॉबस्टर और श्रिम्प के समान कुछ विशेषताएँ होती हैं।
2. एम्फिपोड समुद्री खाद्य शृंखला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा तटीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य का अध्ययन करने के लिये संकेतक के रूप में कार्य करते हैं।
3. चिल्का झील में परहयाले ओडियन नामक समुद्री एम्फिपोड की एक नई प्रजाति की खोज की गई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा अग्रणी है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) वैश्विक स्तर पर सभी अंतरिक्ष एजेंसियों में शीर्ष पर है।
2. भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र में 100% FDI की अनुमति है, जिसका उद्देश्य संभावित निवेशकों को भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों में आकर्षित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**48. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. जिमेक्स
2. मालाबार अभ्यास
3. धर्म गार्जियन

**उपर्युक्त में से कितने भारत और जापान के बीच आयोजित किये जाने वाले संयुक्त अभ्यास हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

**49. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** | **मेज़बान देश** |
|---|---|---|
| 1. | रायसीना डायलॉग | रूस |
| 2. | म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन | स्विट्ज़रलैंड |
| 3. | शांगरी-ला डायलॉग | दक्षिण कोरिया |

**उपरोक्त में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक युग्म
B. केवल दो युग्म
C. सभी तीन युग्म
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50. भारतीय मसाला बाज़ार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक, उपभोक्ता और मसालों का निर्यातक है।
2. भारत अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) द्वारा सूचीबद्ध 109 किस्मों में से लगभग 75 का उत्पादन करता है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. कालाज़ार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कालाज़ार एक घातक बीमारी है जो प्रोटोज़ोआ परजीवी लीशमैनिया डोनोवानी के कारण होती है।
2. भारत वैश्विक स्तर पर पहला देश बन चुका है जिसे सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में कालाज़ार के उन्मूलन के लिये WHO द्वारा आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**52. न्यूरल ऑर्गेनॉइड्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूरल ऑर्गेनॉइड्स मानव प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (hPSC)-व्युत्पन्न, 3D इन-विट्रो कल्चर सिस्टम में संवर्द्धित होते हैं जो विकासशील मानव मस्तिष्क की विकासात्मक प्रक्रियाओं और संगठन की पुनरावृत्ति करते हैं।
2. मानव मस्तिष्क के विकास और सिज़ोफ्रेनिया जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों के अध्ययन में इनका महत्त्वपूर्ण अनुप्रयोग शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**53. शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 6-18 वर्ष की आयु के बच्चे स्थानीय स्कूलों में नि:शुल्क, अनिवार्य शिक्षा का अधिकार हैं।
2. सहायता प्राप्त विद्यालय भी अपनी आवर्ती सहायता के अनुपात में कम-से-कम 10% की सीमा तक निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराएगा।
3. RTE अधिनियम अल्पसंख्यक स्कूलों पर लागू नहीं होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**54. भारत में भाषाओं से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में 22 भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है।
2. भारतीय संविधान का भाग XVII भारत की आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है।
3. भारतीय संविधान देवनागरी लिपि वाली हिंदी को संघ की राष्ट्रीय भाषा घोषित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**55. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में ट्राइसोनिक पवन टनल रॉकेट तथा विमानों के लिये वायुगतिकीय परीक्षण में एक मील का पत्थर है।

2. सेमी-क्रायोजेनिक इंटीग्रेटेड इंजन और स्टेज टेस्ट (SIEST) सुविधा, सेमी-क्रायोजेनिक इंजन विकसित करेगी, जिससे पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी, परिणामस्वरूप 200 टन थ्रस्ट तक इंजन का परीक्षण करने की क्षमता होगी।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बिटकॉइन एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है जो किसी को भी त्वरित भुगतान करने में सक्षम बनाती है।
2. भारत में क्रिप्टोकरेंसी वर्चुअल डिजिटल एसेट्स श्रेणी में आती है और कराधान के अधीन नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI) व्यापक मध्य-पूर्व क्षेत्र में गैर-नाटो देशों को क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से नाटो के साथ सहयोग करने का अवसर प्रदान करती है।
2. "नाटो प्लस" एक सुरक्षा गठबंधन को दर्शाता है जिसमें नाटो तथा पाँच अमेरिकी संधि सहयोगी यथा ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान, इज़रायल एवं दक्षिण कोरिया शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**58. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पर्यावरण के संबंध में विश्व की सर्वोच्च स्तरीय निर्णायक संस्था है।
2. वैश्विक पर्यावरण प्रशासन के संबंध में निर्णय करने के लिये इसकी बैठक प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है।
3. इसकी स्थापना जून वर्ष 2012 में सतत् विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**59. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) | प्रमुख विशेषताएँ |
|---|---|
| 1. ऑटोरेग्रेसिव मॉडल | इनपुट टेक्स्ट को एक रिप्रजेंटेशन में एनकोड करते हैं। |
| 2. ट्रांसफार्मर-आधारित मॉडल | पूर्व शब्दों के आधार पर अनुक्रम में आगामी शब्द का प्रेडिक्शन करते हैं। |
| 3. एनकोडर-डिकोडर मॉडल | भाषा प्रसंस्करण के लिये आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक युग्म
B. केवल दो युग्म
C. सभी तीन युग्म
D. उपरोक्त में से कोई भी नहीं

**60. गूगल डीपमाइंड के जिनी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मॉडल अवर्गीकृत इंटरनेट वीडियो का उपयोग कर बिना पर्यवेक्षित तरीके से प्रशिक्षित पहला जेनरेटिव इंटरैक्टिव एन्वायरन्मेंट है।
2. यह मॉडल सिंथेटिक इमेजिस, चित्रों और रेखाचित्रों के माध्यम से विविध खेलने योग्य (क्रिया-नियंत्रित) विडियो गेम्स उत्पन्न कर सकता है।

**ऊपर दिये गए कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-2

1.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices- CACP):**

- MSP वह गारंटीकृत राशि है जो किसानों को तब दी जाती है जब सरकार उनकी फसल खरीदती है।
- MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (Commission for Agricultural Costs and Prices-CACP) की सिफारिशों पर आधारित है, जो उत्पादन लागत, मांग तथा आपूर्ति, बाज़ार मूल्य रुझान, अंतर-फसल मूल्य समानता आदि जैसे विभिन्न कारकों पर विचार करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- CACP कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है। इसका गठन जनवरी 1965 में किया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- CACP, 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये MSP और गन्ने के लिये उचित तथा लाभकारी मूल्य (FRP) की सिफारिश करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

2.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत-संयुक्त अरब अमीरात संबंध:**

- दोनों देशों ने UPI (भारत) और AANI (UAE) जैसे डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्मों को आपस में जोड़ने पर समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इससे भारत और UAE के बीच सीमा पार लेन-देन की निर्बाध सुविधा मिलेगी जिससे वित्तीय कनेक्टिविटी तथा सहयोग बढ़ेगा।
- भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत मार्ट की आधारशिला रखी गई जो दुबई में जेबेल अली मुक्त व्यापार क्षेत्र में खुदरा, भंडारण और रसद सुविधाएँ प्रदान करेगा। भारत मार्ट संभावित रूप से भारत के सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्रों को पश्चिम एशिया, खाड़ी, अफ्रीका तथा यूरेशिया में अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों तक पहुँचाने हेतु एक मंच प्रदान करेगा जो उनके निर्यात को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

3.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- MHW एक विषम मौसमी घटना है जो समुद्र के किसी विशेष क्षेत्र की सतह का ताप निरंतर पाँच दिनों के लिये औसत तापमान से 3 अथवा 4 डिग्री सेल्सियस अधिक होने पर होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (NOAA) के अनुसार MHW की निरंतरता सप्ताह, माह अथवा वर्षों तक बनी रह सकती है।
- EEA तकनीक यह निर्धारित करती है कि मानव-प्रेरित जलवायु परिवर्तन किस हद तक विशिष्ट चरम मौसम की घटनाओं की संभावना और गंभीरता को प्रभावित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

4.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कपड़ा पुनर्चक्रण (रिसाइक्लिंग):**

- कपड़ा पुनर्चक्रण काँच या कागज़ जैसी पुनर्चक्रण सामग्री की तुलना में अधिक जटिल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- अधिकांश पुनर्नवीनीकृत वस्त्र (93%) प्लास्टिक की बोतलों या PET बोतलों (पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट) से प्राप्त होते हैं, जो जीवाश्म ईंधन से निर्मित होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि प्लास्टिक की बोतलों के विपरीत, जिन्हें कई बार पुनर्चक्रण किया जा सकता है, पुनर्चक्रण पॉलिएस्टर से बनी टी-शर्ट को दोबारा पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

5.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च (एक अमेरिकी NGO) मंदी को "कुछ महीनों से अधिक समय तक अर्थव्यवस्था में फैली आर्थिक गतिविधियों में एक महत्त्वपूर्ण कमी के रूप में परिभाषित करता है जो सामान्य रूप से उत्पादन, रोज़गार, वास्तविक आय और अन्य संकेतकों में दिखाई देती है।"

नोट :

- मंदी तब होती है जब आर्थिक गतिविधियों में निरंतर कमी बनी रहती है। यह लंबी अवधि की होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- तकनीकी मंदी में विशेष रूप से सकल घरेलू उत्पाद में लगातार दो तिमाहियों में कमी शामिल होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह हाइड्रोजन एक प्रमुख औद्योगिक ईंधन है जिसके अमोनिया (प्रमुख उर्वरक), इस्पात, रिफाइनरियों और विद्युत उत्पादन सहित विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोग हैं।
- हाइड्रोजन ब्रह्मांड में सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है लेकिन शुद्ध हाइड्रोजन की मात्रा अत्यंत ही कम है। यह लगभग हमेशा ऑक्सीजन के साथ $H_2O$ तथा अन्य यौगिकों में मौजूद होता है।
- जब विद्युत धारा जल से गुजरती है, तो यह इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से इसे मूल ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में खंडित करती है। यदि इस प्रक्रिया के लिये उपयोग की जाने वाली विद्युत का स्रोत पवन अथवा सौर जैसे नवीकरणीय स्रोत है तो इस प्रकार उत्पादित हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हाइड्रोजन से जुड़े रंग हाइड्रोजन अणु को प्राप्त करने के लिये उपयोग की जाने वाली विद्युत स्रोत को संदर्भित करते हैं। उदाहरणार्थ यदि कोयले का उपयोग किया जाता है तो इसे ब्राउन हाइड्रोजन कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**7.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सरकारी ई-मार्केटप्लेस (GeM):
  - GeM विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/PSU द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं की सुविधा के लिये ई-बोली, रिवर्स ई-नीलामी और मांग एकत्रीकरण के टूल्स प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - GeM ने विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों जैसे SARAS, आजीविका, ट्राइब्स इंडिया, स्टार्टअप रनवे, खादी इंडिया, इंडिया हैंडलूम, इंडिया हैंडीक्राफ्ट, दिव्यांगजन आदि के लिये बिक्री केंद्र लॉन्च किये हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**8.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ICGS वराह:
  - ICGS वराह भारतीय तट रक्षक (ICG) के सात 98-मीटर ऑफशोर पेट्रोल वेसल्स (OPV) की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस जहाज़ को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित किया गया है और पश्चिमी तट पर न्यू मैंगलोर के पत्तन से संचालित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ICGS वराह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा विकसित स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर को संचालित करने में सक्षम है। **अतः कथन 3 सही है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पेमेंट बैंक:**

- पेमेंट बैंक वर्ष 2014 में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किये गए एक विशेष प्रकार के बैंक हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन्हें बैंकिंग सुविधाओं से वंचित और कम बैंकिंग सेवाओं वाली आबादी को बुनियादी बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये अभिकल्पित किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इन्हें छोटे व्यवसायों और कम आय वाले परिवारों के लिये वित्तीय सेवाओं की जाँच हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा गठित नचिकेत मोर समिति की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था।
- उदाहरण: एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, आदि।

**10.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पक्षकारों का 28वाँ सम्मेलन:**

- कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ का 28वाँ सम्मेलन (28th Conference of Parties- COP 28) संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में संपन्न हुआ, जिसमें 197 देशों के प्रतिनिधियों ने 'ग्लोबल वार्मिंग' की रोकथाम के लिये अपनी पहलों को प्रस्तुत किया और भविष्य की जलवायु कार्रवाइयों पर चर्चा में भाग लिया। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- ◆ परमाणु ऊर्जा को तीन गुना करने की घोषणा: COP28 में की गई घोषणा का लक्ष्य वर्ष 2050 तक वैश्विक परमाणु ऊर्जा क्षमता को तीन गुना बढ़ाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सम्मेलन में सकारात्मक परिणामों और निराशाओं का मिश्रण सामने आया, जो पेरिस समझौते के बाद से एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- इस सम्मेलन के मिले-जुले परिणाम सामने आए और इसने पेरिस समझौते के बाद से विश्व के एक महत्त्वपूर्ण कदम को चिह्नित किया।

**COPs:**

- पक्षकार सम्मेलन या COPs (Conference of Parties) जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)—जो वर्ष 1992 में स्थापित एक बहुराष्ट्रीय संधि है, के ढाँचे के अंतर्गत आयोजित होने वाले सम्मेलन हैं।
- ये बैठकें या सम्मेलन, जिन्हें COP के संक्षिप्त नाम से जाना जाता है, कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ के आधिकारिक सत्र (official sessions) के रूप में कार्य करते हैं।
  - ◆ इन सत्रों के दौरान भागीदार या पक्षकार देश (Parties) पेरिस समझौते के प्राथमिक लक्ष्य के साथ संरेखित वैश्विक प्रयासों का मूल्यांकन करते हैं, जहाँ ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से लगभग 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा गया है।
- कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ UNFCCC का मुख्य निर्णयकारी निकाय है।
- वे जलवायु कार्रवाई के विभिन्न पहलुओं, जैसे शमन, अनुकूलन, वित्त, प्रौद्योगिकी एवं पारदर्शिता पर निर्णय एवं संकल्प अंगीकृत करते हैं।

**11.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**द्विपक्षीय निवेश संधियाँ (BITs):**

- BITs दो देशों के बीच एक-दूसरे के क्षेत्रों में विदेशी निजी निवेश को बढ़ावा देने एवं उसकी सुरक्षा करने के लिये पारस्परिक समझौते हैं। **अतः कथन-I सही है।**
  - ◆ 90 के दशक के मध्य से भारत सरकार ने विदेशी निवेशकों एवं निवेशों को अनुकूल परिस्थितियों के साथ संधि-आधारित सुरक्षा प्रदान करने के लिये BIT की शुरुआत की।
- अंतरिम केंद्रीय बजट 2024-25 प्रस्तुत करते हुए, भारतीय वित्त मंत्री ने कहा कि भारत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign direct investment- FDI) के प्रवाह को बढ़ावा देने के लिये अपने व्यापरिक भागीदारों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधियों (Bilateral Investment Treaty- BITs) पर बातचीत करेगा।
  - ◆ विशेष रूप से वर्ष 2016 में BIT मॉडल को अपनाने के बाद से भारत की द्विपक्षीय संधियाँ समाप्त हो गई हैं। **अतः कथन-II सही है।**

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि, कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।**

**12.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वर्ष 2030 के लिये भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) अथवा पेरिस समझौते के तहत इसकी जलवायु संबंधी प्रतिज्ञाओं की पूर्ति के लिये 30 लाख करोड़ रुपए के निवेश की आवश्यकता होगी।
  - ◆ भारत के NDC लक्ष्यों के अनुसार भारत वर्ष 2005 के स्तर से वर्ष 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की उत्सर्जन तीव्रता को 45% तक कम करने और वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन-आधारित ऊर्जा स्रोतों से विद्युत उत्पादन की लगभग 50% संचयी स्थापित क्षमता हासिल करने के लिये प्रतिबद्ध है। **अतः कथन I सही है।**
- IREDA ने वेबिनार में रूफ टॉप सोलर योजना "PM सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना" के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उक्त दूरदर्शी परियोजना में 75,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है। जिसका लक्ष्य प्रत्येक माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान करके 1 करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से लैस करना है। **अतः कथन II सही है।**
  - ◆ यह योजना लोगों को न केवल पर्याप्त लाभ प्रदान करती है अपितु अक्षय ऊर्जा के बारे में उनकी जागरूकता भी बढ़ाती है जो वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन और वर्ष 2047 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के भारत के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य में योगदान देती है।

**अतः विकल्प B सही है क्योंकि, कथन 1 और कथन 2 दोनों सही हैं, कथन 2 कथन 1 की सही व्याख्या नहीं है।**

13.

उत्तर: C

व्याख्या:

**कोसोवो के बारे में मुख्य तथ्य:**

- कोसोवो, जिसमें बहुसंख्यक अल्बानियाई आबादी एवं सर्ब अल्पसंख्यक हैं, अल्बानिया, मैसेडोनिया, सर्बिया और मोंटेनेग्रो से घिरा एक भूमि-रुद्ध क्षेत्र है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी राजधानी तथा सबसे बड़ा शहर प्रिस्टिना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- विश्व बैंक के अनुसार कोसोवो एक संसदीय गणतंत्र तथा उच्च-मध्यम आय वाला देश है। इसने 17 फरवरी 2008 को सर्बिया से स्वतंत्रता की घोषणा की और 100 से अधिक संयुक्त राष्ट्र सदस्यों द्वारा इसे एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दी गई है।
  - भारत, ब्राज़ील, चीन, रूस तथा मैक्सिको ने कोसोवो को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता नहीं दी है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - हालाँकि सर्बिया कोसोवो को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता नहीं देता है तथा कोसोवो एवं मेटोहिजा के स्वायत्त प्रांत के रूप में दावा करता रहता है।

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (UAPA), 1967:
  - UAPA एक कानून है जिसका उद्देश्य अवैध गतिविधियों को रोकना और आतंकवाद से निपटना है। इसे "आतंकवाद विरोधी कानून" के नाम से भी जाना जाता है।
  - राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) को देशभर में मामलों की जाँच करने और मुकदमा चलाने का अधिकार UAPA द्वारा दिया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - UAPA के तहत वर्ष 2018 और 2020 के बीच 4,690 लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन केवल 3% को दोषी ठहराया गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसमें वर्ष 2004, 2008, 2012 और हाल ही में वर्ष 2019 में कई संशोधन हुए, जिसमें आतंकवादी वित्तपोषण, साइबर-आतंकवाद, व्यक्तिगत पदनाम तथा संपत्ति ज़ब्ती से संबंधित प्रावधानों का विस्तार किया गया।
    - वर्ष 2019 का संशोधन सरकार को बिना किसी न्यायिक समीक्षा के व्यक्तियों को आतंकवादी के रूप में नामित करने का अधिकार देता है, जिससे कानून की उचित प्रक्रिया और मनमाने ढंग से पदनाम की संभावना के बारे में चिंताएँ बढ़ जाती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

15.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 2014 में स्थापित INYAS भारत में युवा वैज्ञानिकों के लिये एकमात्र मान्यता प्राप्त अकादमी रही है, जो युवा वैज्ञानिकों के बीच विज्ञान शिक्षा एवं नेटवर्किंग को बढ़ावा देने के लिये समर्पित है। **अत: कथन I सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय विज्ञान संचार और नीति अनुसंधान संस्थान (CSIR-NIScPR) भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) की घटक प्रयोगशालाओं में से एक है।
  - यह विज्ञान संचार, साक्ष्य-आधारित नीति अनुसंधान एवं अध्ययन, सामग्री की एक श्रृंखला प्रकाशित करने के साथ-साथ विज्ञान नीति, नवाचार प्रणाली तथा विज्ञान कूटनीति जैसे विभिन्न विषयों पर अनुसंधान करने पर केंद्रित है। **अत: कथन II सही है।**

**अत: विकल्प D सही है,क्योंकि कथन 1 गलत है, किंतु कथन 2 सही है।**

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण: यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान जिसकी शुरुआत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2014 में की गई थी। इसका उद्देश्य सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्राप्त करना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच को समाप्त करना है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- गोबर-धन योजना, SBM का हिस्सा है जिसकी शुरुआत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2018 में की गई थी इसका उद्देश्य बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट को संपीड़ित बायोगैस (CBG) में परिवर्तित करके किसानों की आय में वृद्धि करना है। **अत: कथन 2 सही है।**

17.

उत्तर: D

व्याख्या:

**यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (EFTA):**

- यूरोपीय मुक्त व्यापार संगठन (EFTA) आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड (ये चारों यूरोपीय यूनियन का हिस्सा नहीं हैं) का अंतर-सरकारी संगठन है।

नोट :

- इसकी स्थापना वर्ष 1960 में स्टॉकहोम कन्वेंशन द्वारा की गई थी।
- इसका उद्देश्य अपने चार सदस्य देशों और विश्व भर में उनके व्यापारिक भागीदारों के लाभ के लिये मुक्त व्यापार तथा आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**18.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

इंट्यूएटिव मिशन का ओडीसियस अंतरिक्ष यान, एक निजी नोवा-सी चंद्र लैंडर, फ्लोरिडा में नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (NASA) कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च होने के बाद चंद्रमा की ओर जा रहा है।

- ओडीसियस अंतरिक्ष यान:
  - यह अंतरिक्ष यान 22 फरवरी 2024 को चंद्रमा पर उतरने के लिये तैयार है।**अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - रेग्रीन लैंडर की विफलता के बाद ओडीसियस दूसरा निजी प्रयास है।
  - फाल्कन 9 एक दो चरणों वाला रॉकेट है जिसे स्पेसएक्स द्वारा लोगों के साथ-साथ पेलोड को पृथ्वी की कक्षा में ले जाने के लिये डिज़ाइन और निर्मित किया गया है।
  - अंतरिक्ष यान CLPS पहल के तहत नासा के लिये छह पेलोड ले जाता है, जो नई तकनीकों एवं वैज्ञानिक उपकरणों का परीक्षण करता है।
  - मिशन का लक्ष्य 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा पर उतरने वाला पहला अमेरिकी अंतरिक्ष यान बनना है। आखिरी बार कोई अमेरिकी अंतरिक्ष यान वर्ष 1972 में अपोलो 17 के साथ चंद्रमा पर उतरा था।
  - यह मिशन नासा की कमर्शियल लूनर पेलोड सर्विसेज़ (CLPS) पहल और आर्टेमिस अभियान का हिस्सा है। **अत: कथन 2 सही है।**

**19.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

वन्य जीवों की प्रवासी प्रजातियों के संरक्षण पर अभिसमय (Convention on the Conservation of Migratory Species of Wild Animals- CMS):

- परिचय:
  - Iयह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के तहत एक अंतर-सरकारी संधि है, जिसे बॉन कन्वेंशन के नाम से जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस पर वर्ष 1979 में हस्ताक्षर किये गये थे और यह वर्ष 1983 से लागू है।
  - 1 मार्च 2022 तक, CMS में 133 पार्टियाँ/राष्ट्र सम्मिलित हुए हैं।
    - भारत भी वर्ष 1983 से CMS का एक सदस्य रहा है।
- उद्देश्य:
  - इसका उद्देश्य संपूर्ण क्षेत्र में स्थलीय, समुद्री और पक्षी प्रवासी प्रजातियों का संरक्षण करना है।
  - यह वैश्विक स्तर पर संरक्षण उपायों को संचालित करने के लिये कानूनी आधार तैयार करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CMS के अंतर्गत दो परिशिष्ट:
  - परिशिष्ट I में 'संकटापन्न प्रवासी प्रजातियाँ' सूचीबद्ध हैं।
  - परिशिष्ट II में 'अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता वाली प्रवासी प्रजातियों' की सूची दी गई है।
- भारत और CMS:
  - भारत ने कुछ प्रजातियों के संरक्षण और प्रबंधन के लिये गैर-बाध्यकारी MOU पर हस्ताक्षर भी किये हैं। इनमें साइबेरियन क्रेन (वर्ष 1998), मरीन टर्टल (वर्ष 2007), डूगोंग (वर्ष 2008) और रैप्टर (वर्ष 2016) शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**20.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- लक्षद्वीप:
  - भारत का सबसे छोटा केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप है जिसमें 32 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाले 36 द्वीप हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - केवल एक ज़िले वाले इस केंद्रशासित प्रदेश में दस बसे हुए द्वीप, तीन चट्टानें, पाँच जलमग्न तट एवं बारह एटोल हैं।
  - सभी द्वीप केरल के तटीय शहर कोच्चि से 220 से 440 किलोमीटर दूर अरब सागर में स्थित हैं।
  - यह प्रशासक के माध्यम से सीधे केंद्र के नियंत्रण किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- द्वीपों के तीन मुख्य समूह हैं:
  - अमिनदीवी द्वीप समूह (सबसे उत्तरी द्वीप)
  - लक्कादीव द्वीप समूह
  - मिनिकॉय द्वीप (सबसे दक्षिणी द्वीप)
    - सभी कोरल मूल (एटोल) के छोटे द्वीप हैं तथा किनारे की चट्टानों से घिरे हुए हैं।
    - राजधानी कवारत्ती है और यह केंद्रशासित प्रदेश का प्रमुख शहर भी है।
- जैविक कृषि क्षेत्र: भारत की सहभागिता गारंटी प्रणाली (Participatory Guarantee System- PGS) के तहत पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह को जैविक कृषि क्षेत्र घोषित किया गया है।
- **अत: कथन 3 सही है।**

**21.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वैश्विक दलहन सम्मेलन 2024:**

- हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (National Agricultural Cooperative Marketing Federation of India Ltd- NAFED) और ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन (GPC) द्वारा संयुक्त रूप से वैश्विक दलहन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन वार्षिक रूप से किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से दलहन उत्पादक, संसाधक तथा व्यापारी भाग लेते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वैश्विक दलहन सम्मेलन संबद्ध क्षेत्र का सबसे बड़ा वैश्विक आयोजन है जिसमें 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**22.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एशिया-प्रशांत सतत् विकास लक्ष्य (Sustainable Development Goals- SDG) प्रगति रिपोर्ट:**

- हाल ही में एशिया-प्रशांत हेतु संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग (UNESCAP) ने एशिया-प्रशांत SDG प्रगति रिपोर्ट- 2024 प्रकाशित की।
- एशिया और प्रशांत SDG प्रगति रिपोर्ट, संयुक्त राष्ट्र ESCAP के वार्षिक प्रमुख प्रकाशनों में से एक है। अत: कथन-I सही नहीं है।
- यह क्षेत्र में SDG प्रगति का एक संक्षिप्त विवरण/समीक्षा प्रदान करती है जो ESCAP और उसके भागीदारों द्वारा संचालित कई अन्य गतिविधियों के लिये आधार के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन-II सही है।**
- यह SDG संकेतकों पर डेटा उपलब्धता बढ़ाने के लिये प्राथमिकताओं, विशेष रूप से सबसे कमज़ोर जनसंख्या समूहों को रेखांकित करती है, जो अधिक न्यायसंगत और समावेशी विकास रणनीतियों को आयाम देने में मदद कर सकती है।

अत: विकल्प D सही है क्योंकि कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (National Commission for Scheduled Castes - NCSC):

- NCSC एक संवैधानिक निकाय है जिसकी स्थापना अनुसूचित जातियों के शोषण के विरुद्ध सुरक्षा उपाय प्रदान करने तथा उनके सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक हितों को बढ़ावा देने के साथ उनकी रक्षा करने के उद्देश्य से की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- 89वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2003:
  - अनुच्छेद 338 में संशोधन किया गया, साथ ही SC तथा ST के लिये तत्कालीन राष्ट्रीय आयोग को वर्ष 2004 से दो अलग-अलग आयोगों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया, जो थे: अनुच्छेद 338 के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) और अनुच्छेद 338A के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST)। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**24.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- महामारी के बाद तेज़ी से सुधार होने के बावजूद, भारत 'समयपूर्व वि-औद्योगीकरण' का सामना कर रहा है, जिससे असमानता बढ़ गई है क्योंकि तेज़ी से विकास का लाभ एक छोटे से अल्पसंख्यक वर्ग को मिलता है, जिससे मौजूदा असमानताएँ बढ़ जाती हैं। **अत: कथन I सही है।**
- भारतीय अर्थव्यवस्थाएँ सेवा क्षेत्र में समय से पहले बदलाव का सामना कर सकती हैं, जिससे विनिर्माण विकास में बाधा आ सकती है। **अत: कथन II सही है।**

नोट :

अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण है।

**25.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- थानथाई पेरियार वन्यजीव अभयारण्य तमिलनाडु के इरोड ज़िले की बरगुर पहाड़ियों में 80,114.80 हेक्टेयर में विस्तृत है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पूर्वी घाट एवं पश्चिमी घाट के जंक्शन पर स्थित यह अभयारण्य समृद्ध जैवविविधता रखता है।
- यह क्षेत्र नीलगिरी हाथी रिज़र्व का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जहाँ हाथियों तथा भारतीय गौर की अधिक आबादी रहती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह पलार नदी के लिये जलग्रहण क्षेत्र के रूप में कार्य करता है, जो कृषि गतिविधियों जल उपलब्ध कराते हुए कावेरी नदी में गिरती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**रबर बोर्ड:**

- रबर बोर्ड, रबर अधिनियम, 1947 की धारा (4) के तहत गठित एक वैधानिक संगठन है, साथ ही यह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कार्य करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बोर्ड का अध्यक्ष, केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है और इसमें प्राकृतिक रबर उद्योग के विभिन्न हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले 28 सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बोर्ड रबर से संबंधित अनुसंधान, विकास, विस्तार के साथ-साथ प्रशिक्षण गतिविधियों को सहायता एवं प्रोत्साहित करके देश में रबर उद्योग के विकास के लिये ज़िम्मेदार है।

**27.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लोक लेखा समिति (PAC):**

- यह तीन वित्तीय संसदीय समितियों में से एक है, अन्य दो प्राक्कलन समिति एवं सार्वजनिक उपक्रम समिति हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 105 (संसद सदस्यों के विशेषाधिकारों के संबंध में) एवं अनुच्छेद 118 ( प्रक्रिया और व्यावसायिक आचरण को नियंत्रित करने वाले नियम स्थापित करने हेतु संसद के अधिकार के संबंध में) संसदीय समितियों के लिये अधिकार के स्रोत हैं।
- लोक लेखा समिति की शुरुआत वर्ष 1921 में भारत सरकार अधिनियम, 1919 में पहली बार उल्लेख के बाद की गई थी, जिसे मोंटफोर्ड सुधार भी कहा जाता है।
- लोक सभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम-308 के तहत वर्तमान में प्रतिवर्ष लोक लेखा समिति का गठन किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**28.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- फिनटेक (Fintech):
  - फिनटेक, एक वित्तीय प्रौद्योगिकी, भुगतान, उधार, बीमा, धन प्रबंधन तथा अन्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने अथवा उनको अधिक सुविधाजनक बनाने के लिये डिजिटल प्लेटफॉर्म, सॉफ्टवेयर एवं सेवाओं का उपयोग है।
- भारत में फिनटेक के विनियमन के लिये प्रमुख निकाय:
  - भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI):
    - RBI, बैंकों, NBFC, PSP तथा क्रेडिट ब्यूरो को विनियमित करता है।
    - भारत के मुद्रा बाज़ार तथा विदेशी मुद्रा बाज़ार को विनियमित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
    - डिजिटल भुगतान जैसे फिनटेक क्षेत्रों की निगरानी करता है,
    - डिजिटल ऋण तथा डिजिटल अथवा नव-बैंक(नियोबैंक)।
  - भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI):
    - प्रतिभूति बाज़ारों एवं स्टॉकब्रोकरों तथा निवेश सलाहकारों जैसे मध्यस्थों को विनियमित करता है।
    - प्रतिभूति, बाज़ारों और स्टॉकब्रोकरों तथा निवेश सलाहकारों जैसे मध्यस्थों को नियंत्रित करता है।
    - स्टॉकब्रोकिंग और निवेश सलाहकार जैसी सेवाएँ इसके अधिकार क्षेत्र में आती हैं।
  - भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI):
    - बीमाकर्त्ताओं, कॉर्पोरेट एजेंटों, बीमा के लिये वेब एग्रीगेटर्स और तीसरे पक्ष के एजेंटों को विनियमित करता है।

नोट :

- बीमा क्षेत्र में अनुपालन और अखंडता सुनिश्चित करता है।

- **अत: विकल्प C सही है।**

29.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ( IITM ):**

- IITM पुणे, महाराष्ट्र में स्थित एक वैज्ञानिक संस्थान है।
- इसे उष्णकटिबंधीय हिंद महासागर पर विशेष ध्यान देने के साथ उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान से संबंधित अनुसंधान का विस्तार करने में विशिष्टता प्राप्त है। अध्ययन के प्रमुख क्षेत्रों में दक्षिण एशियाई जलवायु में मानसून मौसम विज्ञान और वायु-समुद्र संपर्क शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- IITM, भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**30.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

हाल ही में पक्षी प्रेमियों के एक समूह ने तेलंगाना के वारंगल में अम्मावारीपेट झील पर एक अफ्रीकी-भूमध्यसागरीय वेडर पक्षी, स्पर-विंग्ड लैपविंग (वेनेलस स्पिनोसस) को देखा। ऐसा माना जाता है कि यह पक्षी भारत में पहली बार देखा गया है।

- परिवार: स्पर-विंग्ड लैपविंग चराड्रिडे परिवार से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रेंज: मध्य, उप-सहारा अफ्रीका; पूर्वी भूमध्यसागर। **अत: कथन 2 सही है।**
- IUCN रेड सूची श्रेणी: कम चिंतनीय। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- आहार: मांसाहारी - मुख्य रूप से कीड़े, कीट लार्वा और छोटे अकशेरुकी।
- सक्रिय: दैनिक - विभिन्न प्रकार से दैनिक या रात्रिचर।
    - किसी दिये गए क्षेत्र में शिकार और शिकारियों की सघनता के आधार पर, स्पर-विंग्ड लैपविंग दिन-रात सक्रिय रहते हैं।

**31.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ( EMRS ):**

- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) दूरदराज़ के क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति (ST) के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका नोडल मंत्रालय जनजातीय कार्य मंत्रालय है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- EMR स्कूल CBSE पाठ्यक्रम का अनुसरण करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- इस योजना का उद्देश्य खेल और कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष अत्याधुनिक सुविधाओं पर ध्यान देने के साथ जवाहर नवोदय विद्यालयों और केंद्रीय विद्यालयों के बराबर स्कूलों का निर्माण करना है।

**32.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**निर्भया फंड:**

- इसका उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं के बचाव और सुरक्षा में सुधार के लिये परियोजनाएँ हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक नॉन-लैप्सेबल कॉर्पस फंड है। **अत: कथन 2 सही है।**
- निर्भया फंड का संचालन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

33.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को उसके समक्ष लंबित किसी मामले अथवा वाद में पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक कोई भी डिक्री अथवा आदेश पारित करने का अधिकार देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ये डिक्री अथवा आदेश न्यायिक हस्तक्षेप के लिये महत्त्वपूर्ण साधन हैं क्योंकि इन्हें भारत के संपूर्ण राज्य क्षेत्र में कार्यान्वित किया जा सकता है।
- कई अन्य कानून जैसे कि अनुच्छेद 32 (जो संवैधानिक उपचारों के अधिकार की गारंटी देता है), अनुच्छेद 141 (जिसके लिये सभी भारतीय न्यायालयों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का पालन करना आवश्यक है) तथाअनुच्छेद 136 (जो विशेष अनुमति याचिका की अनुमति देता है), अनुच्छेद 142 को समर्थन प्रदान करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय को सार्वजनिक हित, मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों अथवा मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह संविधान के संरक्षक के रूप में न्यायालय की भूमिका को सुदृढ़ करता है और साथ ही उल्लंघनों के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

**34.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय बार काउंसिल को विनियमित करने और प्रतिनिधित्व करने के लिये अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत संसद द्वारा बनाई गई एक वैधानिक संस्था है। **अतः कथन I सही है।**
- वर्ष 2023 में BCI ने विदेशी वकीलों और विधि संस्थाओं को भारत में गैर-मुकदमा संबंधी गतिविधियों जैसे कॉर्पोरेट कानून तथा बौद्धिक संपदा मामलों में विधि-व्यवसाय करने की अनुमति प्रदान दी। **अतः कथन II सही नहीं है।**
  - उन्हें संपत्ति अंतरण अथवा स्वामित्व अन्वेषण संबंधी कार्यों से प्रतिबंधित किया गया।
  - विदेशी फर्मों में भारतीय वकीलों को समान प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है।
- **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।**

**35.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता का आशय उच्च स्तरीय बैठकों की एक शृंखला से है जिसमंन अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ईरान, चीन, रूस, भारत और अन्य मध्य एशियाई राज्यों सहित संबद्ध क्षेत्र के देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अथवा वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अफगानिस्तान पर क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता में UNSCR 2593 के उद्देश्य का अनुसरण किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - 15-सदस्यीय देशों (UNSC) द्वारा पारित यह प्रस्ताव, अफगान क्षेत्र का किसी भी राष्ट्र के विरुद्ध खतरे उत्पन्न करने अथवा हमला शुरू करने के लिये इस्तेमाल होने से रोकने का आह्वान करता है।
  - सुरक्षा परिषद और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा प्रस्ताव का अंगीकरण करना अफगानिस्तान के संबंध में दृढ़ संकल्पों को प्रदर्शित करता है।

**36.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI): DPI डिजिटल पहचान, भुगतान बुनियादी ढाँचे एवं डेटा एक्सचेंज समाधान जैसे ब्लॉक या प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है जो देशों को अपने लोगों को आवश्यक सेवाएँ प्रदान करने, नागरिकों को सशक्त बनाने के साथ-साथ डिजिटल समावेशन को सक्षम करके जीवन में सुधार करने में सहायता प्रदान करता है।
- DPI पारिस्थितिकी तंत्र: DPI लोगों, धन एवं सूचना के प्रवाह में मध्यस्थता करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये तीन सेट एक प्रभावी DPI पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की नींव का भी निर्माण करते हैं:
    - पहला, डिजिटल ID सिस्टम के माध्यम से लोगों का प्रवाह।
    - दूसरा, वास्तविक समय में त्वरित भुगतान प्रणाली के माध्यम से धन का प्रवाह।
    - और तीसरा, DPI के लाभों को वास्तविक बनाने तथा नागरिकों को डेटा को नियंत्रित करने की वास्तविक क्षमता के साथ सशक्त बनाने के लिये सहमति-आधारित डेटा साझाकरण प्रणाली के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी का प्रवाह।
- इंडियास्टैक: यह API (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का एक सेट है जो सरकारों, व्यवसायों, स्टार्टअप के साथ-साथ डेवलपर्स को उपस्थिति-रहित, कागज़ रहित और कैशलेस सेवा वितरण की दिशा में भारत की कठिन समस्याओं को हल करने के लिये एक अद्वितीय डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करने की अनुमति देता है।
  - भारत, इंडिया स्टैक के माध्यम से, डेटा एम्पावरमेंट प्रोटेक्शन आर्किटेक्चर (DEPA) पर निर्मित सभी तीन मूलभूत DPI, डिजिटल पहचान (आधार), रियल-टाइम फास्ट पेमेंट (UPI) एवं अकाउंट एग्रीगेटर विकसित करने वाला पहला देश बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - DEPA एक डिजिटल ढाँचे का निर्माण करते है जो उपयोगकर्त्ताओं को तीसरे पक्ष की इकाई के माध्यम से अपनी शर्तों पर अपना डेटा साझा करने की अनुमति देता है, जिन्हें सहमति प्रबंधक के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**37.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वास्तविक नियंत्रण रेखा (Line of Actual Control-LAC) बनाम नियंत्रण रेखा (Line of Control-LoC):
  - LAC भारतीय-नियंत्रित क्षेत्र को चीन-नियंत्रित क्षेत्र से पृथक् करने वाली सीमा के रूप में कार्य करती है।
    - भारत का दावा है कि LAC की लंबाई 3,488 किमी. है, जबकि चीन का तर्क है कि यह लगभग 2,000 किमी. है।
  - इस सीमांकन को तीन क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है:
    - पूर्वी क्षेत्र जिसमें अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम शामिल हैं।
    - मध्य क्षेत्र उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश तक फैला हुआ है।
    - पश्चिमी क्षेत्र लद्दाख में स्थित है।
    - भारत तथा चीन ने केवल LAC के मध्य क्षेत्र के लिये मानचित्रों का आदान-प्रदान किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - नियंत्रण रेखा (LoC) की स्थापना वर्ष 1972 में कश्मीर युद्ध के बाद की गई थी, जो वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वार्ता की गई युद्धविराम रेखा पर आधारित थी। इसकी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी वैधता है और इसे दोनों देशों द्वारा हस्ताक्षरित मानचित्रित किया गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - दूसरी ओर, LAC पर दोनों देश सहमत नहीं हैं और इसे मानचित्रित नहीं किया गया है अथवा ज़मीन पर सीमांकित नहीं किया गया है।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**इंटरपोल नोटिस:**

- इंटरपोल अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिये राष्ट्रीय पुलिस बलों के लिये एक महत्त्वपूर्ण सूचना-साझाकरण नेटवर्क के रूप में कार्य करता है।
- नोटिस के प्रकार: लाल, पीला, नीला, काला, हरा, नारंगी, बैंगनी और इंटरपोल-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद विशेष सूचना।
- ब्लू नोटिस: "पूछताछ नोटिस" के रूप में संदर्भित, सदस्य राज्यों में पुलिस बलों को अन्य विवरणों के साथ-साथ किसी व्यक्ति के आपराधिक रिकॉर्ड एवं स्थान की पुष्टि करने सहित महत्त्वपूर्ण अपराध-संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ब्लू कॉर्नर नोटिस आपराधिक आरोप दायर करने से पहले जारी किये जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- रेड नोटिस: किसी वांछित अपराधी को प्रत्यर्पण या अन्य कानूनी तरीकों से गिरफ्तार के लिये किसी सदस्य राज्य द्वारा जारी किया जाता है, गिरफ्तारी वारंट या न्यायालय के निर्णय के बाद अभियोजन अथवा सज़ा देने के लिये राष्ट्रीय न्यायालयों द्वारा मांगे गए व्यक्तियों को लक्षित किया जाता है।

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बागवानी:**

- बागवानी कृषि की वह शाखा है जो भोजन, औषधीय प्रयोजनों और सौंदर्य संतुष्टि के लिये मनुष्यों द्वारा सीधे उपयोग किये जाने वाले गहन खेती वाले पौधों से संबंधित है।
- यह सब्जियों, फलों, फूलों, जड़ी-बूटियों, सजावटी या विदेशी पौधों की खेती, उत्पादन और बिक्री है।
- एल.एच. बेली को अमेरिकी बागवानी का जनक माना जाता है और एम.एच. मैरीगौड़ा को भारतीय बागवानी का जनक माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत फलों और सब्जियों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। निर्यात के मामले में भारत सब्जियों में 14वें और फलों में 23वें स्थान पर है और वैश्विक बागवानी बाज़ार में इसकी हिस्सेदारी मात्र 1% है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - बागवानी फसलों की उत्पादकता खाद्यान्नों की उत्पादकता की तुलना में बहुत अधिक है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**स्वच्छ सर्वेक्षण:**

- MoHUA द्वारा वर्ष 2016 से आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण, विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता और सफाई सर्वेक्षण है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- यह नागरिकों को सेवा वितरण में सुधार लाने और शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में कस्बों तथा शहरों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।
  - इंदौर ने लगातार 7वें वर्ष अपना शीर्ष स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। हाल के वर्षों में इंदौर के बाद लगातार दूसरे स्थान पर रहने वाले सूरत ने पहली बार शीर्ष स्थान का पुरस्कार प्राप्त किया है।
  - दोनों शहरों ने 100% डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण, 98% स्रोत पृथक्करण और 100% अपशिष्ट निपटान का लक्ष्य प्राप्त किया।
- मूल्यांकन में प्रमुख मापदंड:
  - डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण
  - स्रोत पृथक्करण
  - सार्वजनिक क्षेत्रों की स्वच्छता
  - स्वच्छ जल निकाय
  - शहर की स्वच्छता पर नागरिकों की प्रतिक्रिया
  - **अत: कथन 2 सही है।**

**41.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- संविधान का अनुच्छेद 270 केंद्र सरकार और राज्यों के बीच निवल कर आय के वितरण की रूपरेखा निर्दिष्ट करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार विभाज्य पूल (ऊर्ध्वाधर/विषमस्तरीय अंतरण) में राज्यों की हिस्सेदारी 41% है। **अत: कथन 2 सही है।**
- केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किया गया उपकर और अधिभार सत्र 2024-25 के लिये उसकी सकल कर प्राप्तियों का लगभग 23% होने का अनुमान है, जो विभाज्य पूल का हिस्सा नहीं है तथा इसलिये राज्यों के साथ साझा नहीं किया जाता है। **अत:, कथन 3 सही है।**

**42.**

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

- भारत का परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 'परमाणु ऊर्जा' के विषय को नियंत्रित करता है, जिसमें भारत सरकार परमाणु सुविधाओं के विकास, संचालन एवं सेवा मुक्ति में केंद्रीय भूमिका निभाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत की समेकित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) नीति परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी निवेश पर रोक लगाती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसके विपरीत, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों और अन्य संबंधित सुविधाओं के लिये परमाणु उपकरण एवं भागों के निर्माण के लिये उद्योग में FDI पर कोई प्रतिबंध नहीं है।
- हाल ही में नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) पैनल ने भारत सरकार को भारत के परमाणु क्षेत्र में FDI की अनुमति देने की सिफारिश की।

**43.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- वियना अंतर्राष्ट्रीय कार्य योजना पहली अंतर्राष्ट्रीय पहल है जिसने उम्र बढ़ने को लेकर विचार-विमर्श की शुरुआत की है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस योजना को वर्ष 1982 में वर्ल्ड असेंबली ऑन एजिंग द्वारा अपनाया गया था और संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इसका समर्थन किया गया था।
- यह बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिये सरकारों एवं नागरिक समाज की क्षमता बढ़ाने का प्रयास करती है, वरिष्ठ नागरिकों की बढ़ती उम्र पर नीतियों और कार्यक्रमों को विकसित करने के लिये एक रूपरेखा के रूप में कार्य करती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**44.**

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

- गिनी कृमि रोग:
  - गिनी कृमि रोग अथवा ड्रैकुनकुलियासिस, गिनी कृमि (ड्रेकुनकुलस मेडिनेंसिस) के कारण होता है जो एक परजीवी नेमाटोड एक दुर्बल करने वाला परजीवी रोग है जिससे संक्रमित व्यक्ति कई सप्ताह अथवा माह के लिये अक्षम हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - परजीवी तब फैलता है जब लोग परजीवी-संक्रमित जल पिस्सू से दूषित स्थिर पानी पीते हैं।
  - यह परजीवी तब फैलता है जब लोग परजीवी-संक्रमित जल पिस्सू से दूषित रुके हुए जल का सेवन करते हैं।
  - गिनी कृमि रोग के उपचार के लिये कोई टीका अथवा दवा नहीं है, लेकिन इसके रोकथाम रणनीतियाँ सफल रही हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- भारत की सफलता:
  - भारत द्वारा जल सुरक्षा हस्तक्षेप तथा सामुदायिक शिक्षा सहित कठोर सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के माध्यम से वर्ष 1990 के दशक के अंत में गिनी कृमि रोग का उन्मूलन किया गया।
  - भारत सरकार को वर्ष 2000 में WHO से गिनी कृमि रोग-मुक्त प्रामाणीकरण का दर्जा प्राप्त हुआ। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - भारत ने चेचक (1980), पोलियो (2014), प्लेग, रिंडरपेस्ट (कैटल प्लेग), यॉज़ और मातृ एवं नवजात टेटनस (2015) का सफलतापूर्वक उन्मूलन कर दिया है।

**45.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

बेंगलुरु में भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के शोधकर्त्ताओं ने एक सिंथेटिक मानव एंटीबॉडी बनाई है जो कोबरा, किंग कोबरा, क्रेट और ब्लैक मांबा जैसे एलापिडे साँपों द्वारा उत्पादित शक्तिशाली न्यूरोटॉक्सिन को निष्क्रिय करने में सक्षम होता है।

- एलापिड्स, विषैले साँपों का एक विविध परिवार है, जिसके सामने खोखले नुकीले दाँत होते हैं जो ज़हर फैलाते हैं और इसमें वैश्विक स्तर पर विभिन्न निवासों में 300 प्रजातियाँ शामिल हैं। **अत: विकल्प C सही है।**

**46.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- एम्फिपोड्स क्रस्टेशिआई मैलाकोस्ट्रैकन (Malacostracan Crustaceans) का एक विविध समूह है जिनमें केकड़ों (क्रैब), लॉबस्टर और श्रिम्प (Shrimp) के समान कुछ विशेषताएँ होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- एम्फिपोड समुद्री खाद्य शृंखला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव तथा तटीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य का अध्ययन करने के लिये संकेतक के रूप में कार्य करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- चिल्का झील में समुद्री एम्फिपोड की एक नई प्रजाति की खोज की गई तथा ओडिशा की मूल भाषा, जो कि उड़िया है, के नाम पर इसका नाम परहयाले ओडियन (Parhyale Odian) रखा गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

**47.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2-3% (यूएस: 40%, यूके: 7%) है और साथ ही यह भी आशा है कि वर्ष 2030 तक इसकी हिस्सेदारी 10% से अधिक हो जाएगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO), विश्व की छह सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है।**अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- 100% FDI की अनुमति: संशोधित नीति के तहत, अंतरिक्ष क्षेत्र में 100% FDI की अनुमति है, जिसका उद्देश्य संभावित निवेशकों को भारतीय अंतरिक्ष कंपनियों में आकर्षित करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उदारीकृत प्रवेश मार्ग: विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियों के लिये प्रवेश मार्ग इस प्रकार हैं:
  - स्वचालित मार्ग के अंतर्गत 74% तक: उपग्रह-विनिर्माण और प्रचालन, सैटेलाइट डेटा उत्पाद तथा ग्राउंड सेगमेंट तथा यूज़र सेगमेंट।
    - 74% के बाद ये गतिविधियाँ सरकारी मार्ग के अंतर्गत आती हैं।

**48.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का 5वाँ संस्करण राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में 25 फरवरी को शुरू हुआ। इस अभ्यास का आयोजन 25 फरवरी से 9 मार्च 2024 तक किया जा रहा है।

- अभ्यास 'धर्म गार्जियन' एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और इसका वैकल्पिक रूप से आयोजन भारत तथा जापान में किया जाता है।
- भारत और जापान के रक्षा बल द्विपक्षीय अभ्यासों की एक निम्नलिखित शृंखला भी आयोजित करते हैं:
  - जिमेक्स (नौसेना), मालाबार अभ्यास (नौसेना अभ्यास), 'वीर गार्जियन' और शिन्यू मैत्री (वायु सेना) तथा धर्म गार्जियन (सेना)।
- **अत: विकल्प C सही है।**

**49.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- रायसीना डायलॉग: यह भू-राजनीति एवं भू-अर्थशास्त्र पर एक वार्षिक सम्मेलन है, जिसका उद्देश्यविश्व के सामने आने वाले सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। दिल्ली स्थित

नोट :

थिंक टैंक ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन (ORF), भारत के विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में सम्मेलन की मेज़बानी करता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।**

- म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन (MSC): जर्मनी के म्यूनिख में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला MSC अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पर चर्चा के लिये प्रमुख मंचों में से एक है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
- शांगरी-ला डायलॉग: इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज़ (IISS) द्वारा सिंगापुर में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला शांगरी-ला डायलॉग एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा मुद्दों पर केंद्रित है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**

**50.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय मसाला बाज़ार:**

- भारत, विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक है और साथ ही यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता तथा निर्यातक भी है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत, अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) द्वारा सूचीबद्ध 109 किस्मों में से लगभग 75 का उत्पादन करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सबसे अधिक उत्पादित एवं निर्यात किये जाने वाले मसाले काली मिर्च, इलायची, मिर्च, अदरक, हल्दी, धनिया, जीरा, अजवायन, सौंफ, मेथी, लहसुन, जायफल तथा जावित्री, करी पाउडर, मसाला तेल एवं ओलियोरेसिन हैं।

**51.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कालाज़ार:**

- कालाज़ार (विसेरल लीशमैनियासिस), जिसे ब्लैक फीवर भी कहा जाता है, एक घातक बीमारी है जो जीनस लीशमैनिया डोनोवानी के प्रोटोजोआ परजीवी के कारण होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसके लक्षण में अनियमित रूप से बुखार, वज़न में कमी, प्लीहा व यकृत का बढ़ना तथा एनीमिया शामिल हैं।
- वर्ष 2023 में भारत का पड़ोसी राष्ट्र बांग्लादेश, सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में कालाज़ार का उन्मूलन करने के लिये WHO द्वारा मान्यता प्राप्त पहला देश था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत में अभी तक कालाज़ार का उन्मूलन नहीं हुआ है लेकिन अपने उन्मूलन लक्ष्य की दिशा में भारत ने पर्याप्त प्रगति की है।

**52.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**न्यूरल/तंत्रिका ऑर्गेनोइड्स:**

- न्यूरल ऑर्गेनॉइड्स, जिन्हें सेरेब्रल ऑर्गेनॉइड्स के रूप में भी जाना जाता है, मानव प्लुरिपोटेंट स्टेम सेल (hPSC)-व्युत्पन्न, 3D इन-विट्रो कल्चर सिस्टम में संवर्द्धित होते हैं जो विकासशील मानव मस्तिष्क की विकासात्मक प्रक्रियाओं और संगठन की पुनरावृत्ति करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये एक इन-विट्रो 3D मस्तिष्क मॉडल प्रदान करते हैं जो मानव तंत्रिका-तंत्र के लिये विशिष्ट, न्यूरोलॉजिकल विकास और रोग प्रक्रियाओं के अध्ययन के लिये शारीरिक रूप से प्रासंगिक है।
- मानव मस्तिष्क के विकास और सिज़ोफ्रेनिया जैसे तंत्रिका संबंधी विकारों के अध्ययन में इनका महत्त्वपूर्ण अनुप्रयोग शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

**53.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009:**

- छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बालक को उसकी प्रारंभिक शिक्षा पूरी होने तक किसी आस-पास के विद्यालय में नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार है तथा साथ ही 6 वर्ष से अधिक आयु के बालक, जिसने विद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है, को उसकी आयु के अनुसार समुचित कक्षा में प्रवेश दिये जाने का प्रावधान किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- सहायता प्राप्त विद्यालय भी अपनी आवर्ती सहायता के अनुपात में कम-से-कम 25% की सीमा तक निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय ने प्रमति एजुकेशनल एंड कल्चरल ट्रस्ट बनाम यूनियन ऑफ इंडिया और अन्य मामले में निर्णय सुनाया कि RTE अधिनियम अल्पसंख्यक विद्यालयों पर लागू नहीं होता है। **अतः कथन 3 सही है।**

54.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में भाषा से संबंधित प्रमुख संवैधानिक प्रावधान:**

- आठवीं अनुसूची:
  - भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में भारत की आधिकारिक भाषाओं की सूची है। इसमें आधिकारिक भाषाओं के रूप में मान्यता प्राप्त 22 भाषाएँ शामिल हैं।
    - असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संथाली, मैथिली और डोगरी।
  - आठवीं अनुसूची में वर्तमान में छह शास्त्रीय भाषाएँ भी शामिल हैं:
    - तमिल (वर्ष 2004 में घोषित), संस्कृत (वर्ष 2005), कन्नड़ (वर्ष 2008), तेलुगु (वर्ष 2008), मलयालम (वर्ष 2013) और उड़िया (वर्ष 2014)। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारतीय संविधान का भाग XVII अनुच्छेद 343 से 351 तक भारत की आधिकारिक भाषाओं से संबंधित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संघ की भाषा:
  - अनुच्छेद 120: संसद में प्रयोग की जाने वाली भाषा से संबंधित है।
  - अनुच्छेद 210: अनुच्छेद 120 के समान लेकिन राज्य विधानमंडल पर लागू होता है।
  - अनुच्छेद 343: देवनागरी लिपि में हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा घोषित करता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - अनुच्छेद 344: राजभाषा पर एक आयोग और संसद की समिति की स्थापना करता है।

55.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत के प्रधानमंत्री ने तीन महत्त्वपूर्ण अंतरिक्ष बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया: सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा में SLV एकीकरण सुविधा (PIF), इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स, महेंद्रगिरि में सेमी-क्रायोजेनिक इंटीग्रेटेड इंजन और स्टेज टेस्ट (SIEST) सुविधा तथा विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र, तिरुवनंतपुरम में ट्राइसोनिक विंड टनल।
  - ट्राइसोनिक विंड टनल रॉकेट तथा विमानों के लिये वायुगतिकीय परीक्षण में एक मील का पत्थर है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - SIEST सुविधा अर्द्ध-क्रायोजेनिक इंजन विकसित करेगी, जिससे पेलोड क्षमता में वृद्धि होगी, परिणामस्वरूप 200 टन तक के थ्रस्ट वाले इंजनों का परीक्षण करने की क्षमता भी प्राप्त होगी। **अत: कथन 2 सही है।**

56.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बिटकॉइन एक प्रकार की डिजिटल मुद्रा है जो किसी को भी त्वरित भुगतान करने में सक्षम बनाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में क्रिप्टोकरेंसी वर्चुअल डिजिटल एसेट्स श्रेणी में आती है और कराधान के अधीन है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - क्रिप्टोक्यूरेंसी ट्रेडिंग से उत्पन्न मुनाफे पर अतिरिक्त 4% उपकर (केंद्रीय बजट 2022-23) के साथ 30% की दर से कर लगाया जाता है।
- वर्ष 2022 में, RBI ने अपनी स्वयं की सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी लॉन्च की, जिसे ई-रुपी (e-Rupee) के नाम से जाना जाता है, जो ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित है।

57.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- इस्तांबुल सहयोग पहल (ICI) व्यापक मध्य पूर्व क्षेत्र में गैर-नाटो देशों को क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से नाटो के साथ सहयोग करने का अवसर प्रदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- "नाटो प्लस" एक सुरक्षा गठबंधन को दर्शाता है जिसमें नाटो तथा पाँच अमेरिकी संधि सहयोगी यथा ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, जापान, इज़रायल एवं दक्षिण कोरिया शामिल हैं जिसका उद्देश्य वैश्विक रक्षा सहयोग को मज़बूत करना और साथ ही चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के विरुद्ध रणनीतिक प्रतिस्पर्द्धा में प्रबल होना है। **अत: कथन 2 सही है।**

58.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा:
  - यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) का शासी निकाय है।

- यह पर्यावरण के संबंध में विश्व की सर्वोच्च स्तरीय निर्णायक संस्था है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस सभा में संयुक्त राष्ट्र के 193 राष्ट्र सदस्य शामिल होते हैं तथा वैश्विक पर्यावरण प्रशासन के संबंध में निर्णय करने के उद्देश्य के साथ इसका आयोजन प्रत्येक दूसरे वर्ष किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इसका गठन जून 2012 में सतत् विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के दौरान किया गया था जिसे RIO+20 भी कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**59.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) का परिचय:**

- परिभाषा:
  - LLMs सामान्य प्रयोजन भाषा मॉडल हैं जो टेक्स्ट क्लासिफिकेशन, प्रश्नोत्तर और टेक्स्ट जनरेशन जैसी सामान्य भाषा समस्याओं को हल करने में सक्षम हैं।
  - इन मॉडलों को मानव भाषा के भीतर पैटर्न, संरचनाओं और संबंधों को समझने के लिये बड़े पैमाने पर डेटासेट पर ट्रेन अर्थात् प्रशिक्षित किया जाता है।
- लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के प्रकार:
  - ऑटोरेग्रेसिव मॉडल: पूर्व शब्दों के आधार पर अनुक्रम में आगामी शब्द का प्रेडिक्शन/पूर्वानुमान करना। उदाहरण: GPT-3 अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
  - ट्रांसफॉर्मर-आधारित मॉडल: भाषा प्रसंस्करण के लिये एक विशिष्ट कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क आर्किटेक्चर का प्रयोग करना। उदाहरण: LaMDA, जेमिनी (जिसे पहले Bard के रूप में जाना जाता था)। अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
  - एनकोडर-डिकोडर मॉडल: इनपुट टेक्स्ट को एक रिप्रज़ेंटेशन में एनकोड कर पुनः इसे किसी अन्य भाषा या प्रारूप में डीकोड करना। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।

**60.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गूगल डीपमाइंड जिनी:**

- गूगल डीपमाइंड एक ब्रिटिश-अमेरिकी AI अनुसंधान प्रयोगशाला है जो गूगल की सहायक कंपनी है। डीपमाइंड लंदन में स्थित है और इसके अनुसंधान केंद्र कनाडा, फ्राँस, जर्मनी तथा अमेरिका में स्थित हैं।
- जिनी AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) प्रस्तुत किया है। यह एक नवीन मॉडल है जो केवल एक टेक्स्ट अथवा इमेज प्रॉम्प्ट से इंटरैक्टिव वीडियो गेम विकसित कर सकता है।
- जेनरेटिव इंटरएक्टिव एन्वायरन्मेंट्स (Genie/जिनी) एक फाउंडेशन वर्ल्ड मॉडल है जिसे इंटरनेट से प्राप्त वीडियो का उपयोग कर प्रशिक्षित किया गया है।
  - यह मॉडल "सिंथेटिक इमेजिस, चित्रों और रेखाचित्रों के माध्यम से विविध खेलने योग्य (क्रिया-नियंत्रित) विडियो गेम्स उत्पन्न कर सकता है"। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह मॉडल अवर्गीकृत इंटरनेट वीडियो का उपयोग कर बिना पर्यवेक्षित तरीके से प्रशिक्षित पहला जेनरेटिव इंटरैक्टिव एन्वायरन्मेंट है। **अतः कथन 1 सही है।**

■■■